समाचार

# निगम चुनाव में हमने जो वायदें किए थे, वे पूरे हुए–डॉ. महंत

## (विधानसभा अध्यक्ष डॉ.चरणदास महंत ने राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल व महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल की उपस्थिति में किया कैफेटेरिया कम पार्किंग एवं रिवर व्यू पाइंट गार्डन का लोकार्पण)




कोरबा 06 नवम्बर 2019 –विधानसभा अध्यक्ष डॉ.चरणदास महंत ने कहा है कि विगत पांच वर्ष पहले निगम चुनाव के दौरान हमने जो वायदें किए थे, वे पूरे हुए। महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने अपने इस कार्यकाल में कोरबा के विकास हेतु अत्यंत महत्वपूर्ण कार्यो को पूरा कराया है, लोगों की बरसों की समस्याएं दूर की हैं। उन्होने कहा कि कोरबा के विकास की यह गति आगे भी जारी रहेगी, यह मैं नगरवासियों को आश्वस्त करता हूॅं।

उक्त बातें विधानसभा अध्यक्ष डॉ. महंत ने निगम द्वारा निर्मित कैफेटेरिया कम पार्किंग एवं रिवर व्यू पाइंट गार्डन के लोकार्पण अवसर पर कही। नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा विवेकानंद उद्यान अप्पू गार्ड न में लगभग 02 करोड़ रूपये की लागत से कैफेटेरिया एवं खुली पार्किंग का निर्माण कार्य कराया गया है, इसी प्रकार 02 करोड़ रूपये की लागत से दर्री बराज के पास रिवर व्यू पाइंट गार्डन का निर्माण कराया गया है, जिसका लोकार्पण विधानसभा अध्यक्ष डॉ.चरणदास महंत के मुख्य आतिथ्य, राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल की अध्यक्षता एवं महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल के विशिष्ट आतिथ्य में उनके करकमलों द्वारा किया गया। इस मौके पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. महंत ने अपने उद्बोधन में

कहा कि निश्चित रूप से विगत पांच वर्षो में कोरबा में व्यापक पैमाने पर विकास कार्य हुए हैं, जो अभी भी निरंतर जारी हैं। महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने कोरबा के विकास के लिए बहुत मेहनत की है , पेयजल, सड़क, नाली, पानी, बिजली, स्वास्थ्य एवं शिक्षा जैसी महत्वपूर्ण सुविधाओं पर वृहद स्तर पर कार्य किए गए हैं तथा इन कार्यो में राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल का निरंतर मार्गदर्शन भी महापौर को प्राप्त होता रहा है। उन्होने कहा कि मैं नगर वासियों को यह आश्वस्त करना चाहूंगा कि कोरबा के विकास की यह गति आगे भी जारी रहेगी तथा जो भी विकास कार्य शेष बचे होंगे, उन्हें भी पूरा किया जाएगा।

<u>कोरबा के लिए महत्वपूर्ण दिन</u>– इस अवसर पर राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल ने कहा कि आज डॉ.महंत के द्वारा नए ट्रांसपोर्ट नगर की आधारशिला रखी गई तथा दो अत्यंत महत्वपूर्ण कार्य कैफेटेरिया कम पार्किंग तथा रिवर व्यू पाइंट गार्डन का लोकार्पण भी किया गया, निश्चित रूप से आज का दिन कोरबा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होने कहा कि पिछला महीना कोरबा के लिए ऐतिहासिक रहा है, प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने अपने कोरबा प्रवास के दौरान कोरबा पेयजल आवर्धन योजना भाग–2 को जनता जनार्दन की सेवा में समर्पित किया तथा अनेकों सौगात कोरबा को दी। उन्होने कहा कि निश्चित रूप से निगम का विगत पांच वर्ष का कार्यकाल विकास की दृष्टिकोण से यादगार कार्यकाल रहेगा, हमने जनता से किए हुए सभी प्रमुख वायदों को पूरा किया है तथा आगे भी कोरबा के विकास एवं जनसमस्याओं के निराकरण की दिशा में पूरी गति से कार्य होते रहेंगे, यह मैं नगरवासियों को आश्वासन देता हूँ।

इस दौरान महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल, सभापति श्री धुरपाल सिंह कंवर, आयुक्त श्री राहुल देव, अपर आयुक्त श्री अशोक शर्मा, कांग्रेस कमेटी के शहर अध्यक्ष राजकिशोर प्रसाद, ग्रामीण अध्यक्ष उषा तिवारी, महिला कांग्रेस अध्यक्ष सपना चौहान, एम.आई.सी.सदस्य दिनेश सोनी, इंदिरा कौशिक, इस्माईल कुरैशी, मनकराम साहू, देवीदयाल सोनी, विनीत एक्का, रामगोपाल यादव, पार्षद महेन्द्र सिंह चौहान, मनहरणलाल राठौर, रवि सिंह चंदेल, प्रदीप राय, वीरसायं धनुवार, मनीष शर्मा, पूर्व पार्षद मुकेश राठौर, पूर्व सभापति संतोष राठौर, हरीश परसाई, सुरेन्द्र प्रताप जासवाल, श्यामसुंदर सोनी, जिला उद्योग संघ के अध्यक्ष श्रीकांत बुधिया, महेश भावनानी, अर्चना उपाध्याय, महेश अग्रवाल, श्यामनारायण सोनी, संतोष लांझेकर, रेखा त्रिपाठी, सुधीर जैन आदि के साथ काफी संख्या में आमनागरिकगण उपस्थित थे।